पेज थ्री देहरादून

ये कैसी सर्तकर्ता, जहां बेटी ने मास्क पहना है तो पिता बिना मास्क के।

देहरादून बुधवार 15 जुलाई 2020





हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### महानगर संयोजिका मधु जैन ने मॉस्क और सेनीटाइजर दिए

**संवाददाता** देहरादून। भारतीय जनता पार्टी की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ महानगर संयोजिका मधु जैन ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत से बलवीर रोड प्रदेश कार्यालय में शिष्टाचार भेंट कर कोरोना वायरस कोविड 19 वैश्विक महामारी में मास्क की अनिवार्यता को देखते हुए मॉस्क और सेनीटाइजर दिए। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ से संबंधित विषय पर चर्चा भी हुई। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष बंशीधर भगत ने कहा कि आप और आपकी टीम के द्वारा बहुत सुंदर एवं सराहनीय कार्य किए गए जिसके लिए आप की टीम बधाई की पात्र है और जो अनगिनत कार्य किए गए हैं।

### युवा उक्रांद से जुड़े 250 टीम मोदी व संघ समर्थक युवा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल युवा प्रकोष्ठ द्वारा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण धनौल्टी विधानसभा के अंतर्गत कुमाल्डा ग्राम में चलाया गया जिसमें भाजपा के टीम मोदी समर्थक व संघ के सैकड़ों युवाओं ने उक्रांद की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में पूरे प्रदेश मे निरंतर रूप से दल के प्रति युवाओं के जुड़ने का सिलसिला लगातार जारी है, युवाओं ने बताया कि हम अब किराये के घर से अपने घर उक्रांद परिवार मे शामिल होकर खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहे है।

### आयोग ने सहायक निदेशक की सेवा पुस्तिका में चेतावनी निर्गत करने के दिए निर्देश

**संवाददाता** विकासनगर। जन संघर्ष मोर्चा के जिला मीडिया प्रभारी प्रवीण शर्मा पिन्नी ने कहा कि मोर्चा द्वारा पीआरडी जवानों के प्रशिक्षण, सेवायोजन एवं कार्योजित किए जाने तथा विभागीय अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बावजूद लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना उपलब्ध न कराए जाने संबंधी मामले को लेकर सूचना आयोग का दरवाजा खटखटाया गया था, जिसमें सूचना उपलब्ध न कराने को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी और आयोग ने पुस्तिका में चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिये है।

### ग्लेनमार्क फार्मा ने कोरोना का दाम 27 प्रतिशत घटाया

**संवाददाता** देहरादून। ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स, एक शोध–प्रवर्तित, एकीकृत वैश्विक फार्मास्युटिकल कंपनी, ने घोषणा की है कि इसने फैबिफ्लू पर एक पोस्ट मार्केटिंग सर्विलांस (पीएमएस) स्ट्डी शुरू की है। इसकी मदद से 1000 मरीजों में दवा के असर और सुरक्षा पर करीब से नजर रखी जाएगी जिसे ओरल एंटीवायरल के साथ प्रेस्क्राइब किया गया है।

# रूरल ग्रोथ सेंटर बनेंगे ग्रामीण विकास के केंद्र

## लोकार्पण

■मुख्यमंत्री ने टिहरी जनपद के ख्यार्सी ग्राम में 'एग्री बिजनेस ग्रोथ सेंटर' के नवनिर्मित भवन 'ग्राम्यनिधि' का लोकार्पण किया



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने कहा कि ग्रोथ सेंटर नई परिकल्पना है। इस तरह के सेंटर राज्य की सभी न्याय पंचायतों में खोले जाएंगे। अभी तक 96 ग्रोथ सेंटर स्वीकृत किए जा चुके है। इनसे भविष्य की टाउनशिप विकसित होंगी। स्थानीय संसाधनों के अनुरूप ग्रोथ सेंटर बनाए जा रहे हैं। इससे स्थानीय किसान अपने उत्पाद यहां बेच सकेंगे। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने टिहरी जनपद के ख्यार्सी ग्राम में 'एग्री बिजनेस ग्रोथ सेंटर' के नवनिर्मित भवन 'ग्राम्यनिधि' का लोकार्पण किया।

**किसानों के उत्पादों की स्थानीय स्तर पर हो सकेगी बिक्रीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की कोशिश है कि किसानों के उत्पादों की बिक्री उनके घर के पास ही हो जाए। ग्रोथ सेंटर बनने से आढ़ती व व्यापारी उत्पाद खरीदने यहां आ सकेगे। इससे किसानों को अच्छी कीमत मिल सकेगी। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने किसानों के हित में एक बड़ा निर्णय लिया। पहले किसान मंडी में ही अपने उत्पाद बेच सकता था। अब वह कहीं भी बेच सकता है। इससे किसान को मूल्य अधिक मिलेगा।

**मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में 25 प्रतिशत तक सब्सिडीः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना में निशुल्क राशन की व्यवस्था की। 20 लाख करोड़ रूपए का आत्मनिर्भर पैकेज दिया। प्रदेश में बड़ी संख्या में प्रवासी लौटकर आए। हमें स्वरोजगार की ओर जाना होगा। इसी लिए मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना प्रारम्भ की गई है। इसमें लगभग 150 प्रकार के काम लिए गए है। इसमें 10 प्रतिशत से लेकर 25 प्रतिशत तक सब्सिडी की व्यवस्था है। मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में पर्यटन के अंतर्गत हम 10 हजार मोटर बाईक देंगे। इसमें दो साल का ब्याज राज्य सरकार देगी। जल्द ही 25–25 किलोवाट के 10 हजार छोटे सोलर पावर प्रोजेक्ट की योजना मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के तहत लाएंगे।

**बिना ब्याज के 3 लाख रूपए तक ऋणः** मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी तक सहकारिता के माध्यम से किसानों को बिना ब्याज के 1 लाख रूपए तक का ऋण दे रहे हैं, अब हमने इसकी सीमा 3 लाख रूपए कर दी है। अब किसान बिना ब्याज के 3 लाख रूपए तक का ऋण ले सकते हैं। खेती में हमें नए तरीकों को भी अपनाना होगा। अच्छा मूल्य देने वाले उत्पाद उत्पन्न करने होंगे। सेब, किवी, आड़ू आदि फलों की नई व उच्च गुणवत्ता की किस्में अपनानी होगी। भौगोलिक स्थिति और मौसम के अनुरूप फलों की खेती पर ध्यान देना होगा।

### ख्यार्सी एग्री बिजनेस ग्रोथ सेंटर से किसान लाभान्वित हो रहे

एग्री बिजनेस ग्रोथ सेंटर, ख्यार्सी का निर्माण जलागम प्रबंध निदेशालय द्वारा किया गया है। इस सेंटर द्वारा स्थानीय स्तर पर किसानों को स्थानीय उत्पादों के प्रसंस्करण, कृषि निवेशों की उपलब्धता और कृषि यंत्रों की सुविधा प्रदान की जा रही है। यहां दालें, अनाज, मसाले, तेल, अचार, जैम, चटनी, स्क्वैश, सुगन्धित मोमबत्ती आदि के विपणन का कार्य किया जा रहा है। ग्रोथ सेंटर की विभिन्न गतिविधियों दर्जनों गांवों के ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। ग्रोथ सेंटर की द्वारा स्थानीय उत्पादों के क्रय से 36 ग्रामों के 707 किसान लाभान्वित हुए हैं। नई गतिविधि के रूप में स्थानीय उपलब्ध उत्पादों से बेकरी उत्पादों का निर्माण प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री श्री सतपाल महाराज, उपाध्यक्ष राज्य स्तरीय जलागम परिषद श्री ज्योति प्रसाद गैरोला, जीएमवीएन के अध्यक्ष श्री महावीर सिंह रांगड़, विधायक श्री प्रीतम सिंह पंवार, श्री खजानदास, अपर मुख्य सचिव श्रीमती मनीषा पंवार, जिलाधिकारी श्री मंगेश घिल्डियाल सहित अन्य जन प्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित थे।

# किसी भी दशा में न किया जाये अभिभावकों का शोषण

## शिकायत

■दो दर्जन स्कूलों की शिकायत नोडल अधिकारी से

देहरादून। **संवाददाता**

नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स ने ट्यूशन फीस के नाम पर मनमानी करने वाले लगभग दो दर्जन स्कूलों की मुख्य शिक्षा अधिकारी नोडल अधिकारी एवं राज्य बाल आयोग से ज्ञापन देकर शिकायत की है और कहा कि अभिभावकों का उत्पीडन किसी भी दशा में न किया जाये, और इसका पुरजोर तरीके से विरोध किया जायेगा।

नैशनल एसोसिएशन फॉर पैरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स ने हाई कोर्ट और शासनादेश के विपरीत अभिभावकों से मनमानी ट्यूशन फीस लेने वाले व ऑनलाइन क्लॉस के नाम पर खानापूर्ति करने वाले दून वर्ल्ड स्कूल, द इंडियन एकेडमी, संत कबीर, स्कोलर्स होम,दिल्ली पब्लिक स्कूल, दून इंटर नेशनल स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल ,दून केम्ब्रिज, सेंट थॉमस कॉलेज, द किड्स वर्ल्ड स्कूल, विवेकानंद स्कूल, पॉपकॉर्न किड्स स्कूल, दून ब्लॉसम, संस्कार इंटरनेशनल स्कूल, एडिफाई वर्ल्ड स्कूल, ब्राइटलेंड स्कूल, कॉन्वेंट जीजस एन्ड मैरी समेत लगभग दो दर्जन निजी स्कूलों के अभिभावकों की शिकायत पर इन स्कूलों की लिस्ट मुख्य शिक्षा अधिकारी (नोडल अधिकारी) को सौंपी व मेल भी की गई।

### विभिन्न मदों मे ली जाने वाली फीस को ही ट्यूशन बना दी

एसोसिएशन के अध्यक्ष आरिफ खान ने बताया कि नैनीताल हाईकोर्ट और शासनादेश के अनुसार लॉक डाउन के दौरान अभिभावकों को हो रही असुविधा को ध्यान मे रखते हुए सिर्फ ऑनलाइन क्लॉस चलाने वाले स्कूल ही अभिभावकों से सिर्फ ट्यूशन फीस लेने के अधिकारी होंगे, किन्तु सभी स्कूलों ने इस आदेश की आड़ लेकर विभिन्न मदों मे ली जाने वाली फीस को ही ट्यूशन बना कर अभिभावकों पर फीस जमा करने को लेकर दबाव बनाना शुरू कर दिया है।



एसोसिएशन के अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि कुछ स्कूलों ने तो 15 जुलाई तक फीस जमा करने और नए सिरे से ऑनलाइन क्लॉस शुरू करने की चेतावनी तक दे डाली है जबकी अधिकांश अभिभावक मोबाइल से बच्चों पर पड़ने वाले दुष्परिणामों एवं इंटरनेट समेत अन्य अनेक समस्याओं के चलते अपने बच्चों को ऑनलाइन क्लॉस नही देना चाहते है, जिसको लेकर अभिभावकों मे बेहद रोष और फीस को लेकर असमंजस की स्तिथि पैदा हो गयी है।

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर दर्ज किया जाये मुकदमाः यूकेडी

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल के महानगर अध्यक्ष सुनील ध्यानी ने कहा है कि कोरोना वायरस कोविड–19 महामारी जो वैश्विक रूप धारण कर चुकी है। देश को कोई कोना इससे अछूता नही है। उत्तराखंड सरकार महामारी रोकने के लिये असफल रही है। उन्होंने कहा कि सोशल डिस्टेंस के नियमों का उल्लंघन करने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए अन्यथा उक्रांद इसके लिए आंदोलन चलाया जायेगा।

यहां जारी एक बयान में उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि खुद मुख्यमंत्री भाषणों एवं बयानो तक सीमित रहे। कोरोना वायरस कोविड 19 को रोकने के लिये जरूरी कदम व बाहर से आ रहे लोगो का क्वारंटाइन करके इतिश्री करने से आज इसके दुष्परिणाम निकल रहे है। कोरोना टेस्ट सही समय पर नही हुये है और टेस्ट के लिये केंद्रों में परिवर्तन कर सरकार अपनी नाकामियों को छुपाने की कोशिश की गई है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at http://app.page3news.co.in

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code

Read News
Watch News Channel

**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।